आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26.06.2025 समय : 02.10pm

शिवराज सिंह इंदौर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज फसलवार–राज्यवार बैठकों का सिलसिला इन्दौर से शुरू किया। श्री सिंह ने इंदौर के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक और कार्यशाला में हिस्सा लिया। कार्यशाला में देश में सोयाबीन उत्पादन और उसकी गुणवत्ता पर चर्चा जारी| इस बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री सहित सोयाबीन उत्पादक प्रमुख राज्यों के अधिकारियों, संबद्ध संस्थानों के पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान व अन्य सभी हितधारक शामिल हो रहे हैं। हाल ही में चलाए गए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अनुभवों को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा प्रमुख फसलों पर विशेष बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया है। आने वाले दिनों में प्रमुखता के आधार पर विभिन्न राज्यों में बैठकें आयोजित की जाएंगी।

लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन

संविधान हत्या दिवस पर आज मुख्यमंत्री निवास में प्रादेशिक लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत में 25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल को लोकतांत्रिक इतिहास का काला दौर मानते हुए संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पत्र भेंट किये। कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल थांवरचंद गेहलोत और मुख्यमंत्री ने मीसा पुस्तक और इमरजेंसी डायरी किताब का विमोचन भी किया। इस अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकतंत्र की रक्षा के लिए 50 साल पहले लोकतंत्र सेनानियों द्वारा किये कार्यो को देश याद रखेगा।

एक्सिओम-4

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सदस्यों को लेकर एक्सिओम-फोर मिशन आज शाम साढे चार बजे आई.एस.एस. पहुंचेगा। यह 41 वर्ष बाद है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा। शुभांशु शुक्ला 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।

नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो

आज **अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस है।** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भोपाल जोन द्वारा 12 जून से आज तक नशामुक्त पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को बाइक रैली, साइकल रैली और नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से जागरूक किया गया। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा लोगों से अपील की गई है कि देश को नशा मुक्त बनाने के लिये नशीले पदार्थो की तस्करी की शिकायत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केन्द्र–एमएएनएएस पोर्टल के टोल फ्री नम्बर 1933 पर की जा सकती है। शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

अमरनाथ-यात्रा

अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं के सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए पंजाब पुलिस ने बहुस्तरीय और व्यापक सुरक्षा योजना लागू की है। पवित्र अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त तक चलेगी। यात्रा मार्गों पर 24 घंटे निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

समाचार संक्षेप

- शिवपुरी जिले में मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग ने स्कूली बच्चों के लिए पर्यटन के जरिए ज्ञानवर्धन एवं सांस्कृतिक जागरूकता के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज 2025 का आयोजन किया गया है। छात्र-छात्राएं 25 जून से 18 जुलाई 2025 के बीच अपने पंजीयन करा सकेंगे।
- सतना जिले में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित केन्द्र पोषित योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन के अंतर्गत मैहर विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कल किसानों को निःशुल्क बीज मिनी किट का वितरण किया गया।
- नर्मदापुरम जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कल शाम आपातकाल के 50 वर्ष के अवसर पर आक्रोश मशाल यात्रा निकाली।
- उज्जैन संभागायुक्त ने कल आगरमालवा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की।